## अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

### मेरा क्रेडिट स्कोर क्या है?

आपका क्रेडिट स्कोर 1 और 1000 के बीच की एक संख्या होती है जो बताती है कि आप द्वारा अपने बिलों का समय पर भुगतान किए जाने की कितनी संभावना है। ज्यादा स्कोर का अर्थ है कि आपको बैंकों, बीमा और उपयोगिता सेवाओं वाली कंपनियों से बेहतर ऑफर मिल सकते हैं। कम स्कोर के फलस्वरूप कंपनियां आपको उधार देने से मना कर सकती हैं या आपसे ज्यादा ब्याज दर ले सकती हैं।

### इसकी गणना कैसे की जाती है?

उपभोक्ता क्रेडिट ब्यूरो, बिलों के भुगतानों, लोन में किसी डिफॉल्ट, तथा अदालती फैसलों के बारे में, तथा यह जानकारी भी एकत्रित करता है कि आपने अपने गिरवी (मॉर्गेज) और क्रेडिट कार्ड्स पर कितना कर्ज लिया हुआ है। बिलों का समय पर पूरा भुगतान किया जाना भी रिकार्ड किया जाता है, जिससे आपका स्कोर बढ़ता है।

### अच्छा क्रेडिट स्कोर क्या होता है?

अधिकांश क्रेडिट स्कोर 500 और 900 के बीच होते हैं। 705 से अधिक होने पर अच्छा स्कोर माना जाता है।

### यदि मुझे लगता है कि मेरा क्रेडिट स्कोर गलत है तो क्या करें?

यदि आपके विचार में आपकी सेंट्रिक्स क्रेडिट रिपोर्ट में गलत जानकारी है, तो आप हमसे संपर्क करके इसे ठीक कराने का अनुरोध कर सकते हैं। सही कराने के अनुरोध पर विचार करने के लिए प्रायः सेंट्रिक्स को जानकारी देने वाले संगठनों से संपर्क करना होता है। हम अपना फैसला आपको 20 दिनों के अंदर बताएँगें यदि हमें आपके अनुरोध पर जाँच करने के लिए अधिक समय की आवश्यकता न हो।

### मैं अपना स्कोर कैसे सुधार सकता हूं?

अपने खातों (बिलों) में समय पर भुगतान करें और उनको अद्यतन (अप-टू-डेट) रखें।

कोई पिछला बकाया रह गया हो तो उसे चुकता करें। आपकी फाइल में डिफॉल्ट 5 साल तक रहेगा, लेकिन समय के साथ डिफॉल्ट का असर कम होता जाएगा। अपने डिफॉल्ट चुकता करने से खराब असर कम करने में मदद मिलेगी।

नए खाते न खोलें, या क्रेडिट के लिए बार-बार आवेदन मत करें। आपकी फाइल में, छोटे लोन या क्रेडिट के बारे में ढेरों पूछताछ करना, आपके स्कोर पर खराब असर डाल सकता है क्योंकि इसे एक बढ़े हुए जोखिम के रूप में देखा जा सकता है। कृपया नोट करें, रिपोर्ट हेतु अनुरोध करते हुए क्रेडिट

इतिहास माँगना, ऋणदाता से क्रेडिट पूछताछ के समान बात नहीं है। आप हमारे यहां अपने क्रेडिट इतिहास तक पहुँच सकते हैं और अपना स्कोर जितनी बार चाहें माँग सकते हैं, और यह आपके स्कोर को प्रभावित नहीं करेगा।

## मेरी फाइल में कोई खराब क्रेडिट नहीं है फिर भी मेरा स्कोर मध्यम सीमा में क्यों है और यह इससे ऊंचा क्यों नहीं है?

आपके क्रेडिट इतिहास के बारे में अधिक जानकारी उपलब्ध नहीं हो सकती है, इसका अर्थ है कि आपने ज्यादा क्रेडिट के लिए आवेदन नहीं किया होगा, इसलिए आपका स्कोर तय करने के लिए सीमित डाटा ही उपलब्ध होगा।

बहुत अच्छे और उत्कृष्ट स्कोर प्रायः तब दिए जाते हैं जब आपका लंबा सक्रिय क्रेडिट इतिहास और बहुत ही अच्छा भुगतान इतिहास रहा होता है, जो उच्च स्तर की स्थिरता दिखाता है।

## सेंट्रिक्स क्रेडिट रिपोर्ट क्या है?

सेंट्रिक्स क्रेडिट रिपोर्ट में आपके बारे में क्रेडिट जानकारी होती है, जो क्रेडिट रिपोर्टिंग गोपनीयता संहिता ("संहिता") द्वारा अनुमत है। सेंट्रिक्स आपकी क्रेडिट रिपोर्ट अपने ग्राहकों को प्रदान कर सकता है, जिनमें आपकी क्रेडिट रिपोर्ट की समीक्षा करने के लिए आपकी सहमति प्राप्त करने वाले क्रेडिट प्रदाता, और कर्ज वसूली करने वाले शामिल हैं। सामान्य तौर पर, क्रेडिट प्रदाता ऐसे व्यवसाय होते हैं जो धन उधार देते हैं (जैसे कि बैंक या वित्तीय कंपनियां) या ऐसे व्यवसाय जो भुगतान से पहले माल और सेवाएं प्रदान करते हैं (जैसे कि मोबाइल फोन विक्रेता, या गैस या बिजली के प्रदाता)।
आपकी क्रेडिट रिपोर्ट में निम्न जानकारी हो सकती हैः

- पूरा नाम और कोई ज्ञात उपनाम या पिछला नाम
- लिंग
- जन्म तिथि
- पता, और कोई ज्ञात पिछला पता
- व्यवसाय, और कोई पिछला व्यवसाय
- नियोक्ता और कोई पिछले नियोक्ता
- वांछित क्रेडिट का प्रकार
- वांछित क्रेडिट की धनराशि
- आप आवेदक, संयुक्त आवेदक, या गारंटर में से क्या हैं
- आवेदन की तारीख
- क्रेडिट प्रदाता के विवरण

इसके अलावा, किसी क्रेडिट खाते के भुगतानों में आप द्वारा किसी डिफॉल्ट के संबंध में निम्न जानकारी भी आपकी क्रेडिट रिपोर्ट में दी जा सकती है:

- आप खाताधारक या गारंटर में से क्या हैं

- डिफॉल्ट की तारीख
- खाते का प्रकार, डिफॉल्ट की धनराशि और खाते में चुकाने वाली बकाया कुल धनराशि
- डिफॉल्ट की स्थिति, जिसमें किसी कर्ज वसूली करने वाले को किए गए कोई रेफरल, और डिफॉल्ट के बाद कोई भुगतान, आंशिक भुगतान, समायोजन योजना या ऋण ख़ारिज करने के विवरण शामिल हैं
- डिफॉल्ट की धनराशि के अंतिम निपटान के विवरण
- ग्राहक के विवरण
- ग्राहक की क्लाइंट संदर्भ संख्या

आपकी रिपोर्ट में सार्वजनिक रजिस्ट्रियों से भी जानकारी शामिल की जा सकती है, जैसे किः

- जिला और उच्च न्यायालय के निर्णय
- मौजूदा, और पहले कभी कंपनी में निदेशक के पद
- दिवालिया नोटिस

## मेरी क्रेडिट रिपोर्ट कैसी दिखती है?

हमारी रिपोर्ट का नमूना देखें, जिसमें उस प्रकार की जानकारी का विवरण है जो हम रखते हैं।

यहाँ क्लिक करें

## यह जानकारी मेरे क्रेडिट रिपोर्ट में कब तक प्रदर्शित होगी?

संहिता में यह तय किया गया है कि कोई निश्चित जानकारी कब तक आपकी क्रेडिट फाइल में बनी रह सकती है, जिसमें निम्न शामिल हैं:

| | |
|---|---|
| क्रेडिट आवेदन की जानकारी | आवेदन की तारीख से 5 वर्ष तक |
| भुगतान में डिफॉल्ट की जानकारी | डिफॉल्ट की तारीख से 5 वर्ष तक |
| न्यायिक निर्णय की जानकारी | निर्णय की तारीख से 5 वर्ष तक |
| एक बार दिवालिया | दिवालिया मुक्ति की तारीख से 4 वर्ष तक |
| संपत्ति न होने की प्रक्रिया की एक प्रविष्टि | संपत्ति न होने की प्रक्रिया से मुक्ति की तारीख से 4 वर्ष तक |
| कई बार दिवाला घटनाएं (जैसा दिवाला अधिनियम 2006, s.449A में दिया गया है) | अनिश्चित समय तक |
| पिछला प्रविष्टि रिकार्ड | पूछताछ की तारीख से 4 वर्ष तक |
| गंभीर क्रेडिट उल्लंघन जानकारी | रिपोर्ट की तारीख से 5 वर्ष तक |

## मुझे कैसे पता चलेगा कि सेंट्रिक्स द्वारा मेरे बारे में कौन सी क्रेडिट जानकारी रखी गई है?

आप हमसे अपनी क्रेडिट रिपोर्ट की एक प्रति का अनुरोध कर सकते हैं। आपको एक आवेदन फार्म भरना होगा और हमें भेजना होगा और उपयुक्त पहचान जानकारी देनी होगी, ताकि हम संतुष्ट हो सकें कि आपकी क्रेडिट रिपोर्ट आपको ही जारी की गई है, किसी अन्य को नहीं। आप अपनी जानकारी अपने एजेंट (उदाहरण के लिए, किसी वित्तीय सलाहकार या ऋण परामर्शदाता) को भेजे जाने की भी व्यवस्था कर सकते हैं।

## यदि सेंट्रिक्स, सुधार के मेरे अनुरोध के अनुसार जानकारी को सही न करने का निश्चय करता है तो क्या होगा?

यदि हम जानकारी को आपके अनुरोध के अनुसार सही नहीं करते, तो जो सुधार आप द्वारा वांछित है, और जिसे पूरा नहीं किया गया है, उसे जानकारी के साथ संलग्न करने का आप एक अनुरोध कर सकते हैं। आप हमसे संपर्क करके ऐसा कर सकते हैं। आप सेंट्रिक्स में एक शिकायत भी कर सकते हैं, और हम हमारी शिकायत प्रक्रिया के अनुसार आपकी शिकायत की जाँच करेंगे। हमारी शिकायत प्रक्रिया के विवरण यहां देखें। आप हमसे संपर्क करके शिकायत कर सकते हैं।

## मेरे अधिकार कौन से हैं?

क्रेडिट रिपोर्टिंग गोपनीयता संहिता 2020 आपको हमारे यहां मौजूद आपके किसी डाटा तक पहुँचने, तथा सुधार का अनुरोध करने के विशिष्ट अधिकार प्रदान करता है। क्रेडिट रिपोर्टिंग गोपनीयता संहिता 2020 के तहत आपके अधिकारों का सारांश यहां पाया जा सकता है।

### यदि मेरे विचार में सेंट्रिक्स ने संहिता का उल्लंघन किया हो तो क्या करें?

यदि आपके विचार में सेंट्रिक्स ने क्रेडिट रिपोर्टिंग गोपनीयता संहिता 2020 का उल्लंघन किया है, तो आपको हमसे संपर्क करना चाहिए और हम हमारी शिकायत प्रक्रिया के अनुसार आपकी शिकायत की जाँच करेंगे। हमारी शिकायत प्रक्रिया के विवरण यहां देखें।

### यदि मेरी पहचान चोरी हो जाए तो क्या करें?

यदि आपको लगता है कि आप जालसाजी (पहचान की जालसाजी सहित) के शिकार हुए हैं या होने की संभावना है, तो आप अपनी क्रेडिट फाइल दबाने के लिए हमसे अनुरोध कर सकते हैं। आपकी क्रेडिट फाइल दबाने के बारे में यहां अधिक पढ़ें।

सेंट्रिक्स का दो अन्य क्रेडिट सूचनादाताओं (इक्विफैक्स और इलियन) को 'फ्रीज' अनुरोध देने का समझौता है, और इसे आगे बढ़ाया जा सकता है इसलिए यदि आप इस पर सहमत हैं तो आपको उनसे अलग से संपर्क करने की आवश्यकता नहीं होगी।

### यदि मैं अपनी शिकायत पर कार्यवाही से संतुष्ट नहीं हूं, तो क्या करें?

यदि आप अपनी शिकायत पर कार्यवाही से संतुष्ट नहीं हैं, तो आप गोपनीयता आयुक्त को शिकायत कर सकते हैं। ऐसा करने के बारे में अधिक जानकारी, आयुक्त की वेबसाइट www.privacy.org.nz पर देखी जा सकती है।